




# ससुर ने बहू की चाकू मारकर हत्या की

## गायत्री नगर में हत्या का कारण विवाद बताया, मृतिका का पति बीएसएफ में जवान, पश्चिम बंगाल में है पदस्थ

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अगस्त. मकरोनिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गायत्री नगर मे बुजुर्ग ससुर ने बहू की चाकू मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने ससुर के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच मे ले लिया है।**

मकरोनिया थाना प्रभारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक सात गायत्री नगर निवासी सविता उर्फ शिवानी पति देवेश दीक्षित उम्र 42 वर्ष अपने दो बच्चो के साथ रहती थी। पति देवेश बीएसएफ मे पश्चिम बंगाल मे पदस्थ है। आज मंगलवार की सुबह एक बच्चे को स्कूल भेजने के बाद ससुर रामनरेश दीक्षित उम्र 70 वर्ष से बहू का किसी बात पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि बुजुर्ग ससुर ने बहू के शरीर पर तीन चार स्थानो पर चाकू से वार कर दिए । जिससे बहू सविता की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ससुर के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच मे ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। कल बुधवार को पति के आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पुलिस ने बुजुर्ग ससुर को पुलिस अभिरक्षा मे ले लिया है। पुलिस को दिए बयान में आरोपी ससुर ने बताया कि सविता बच्चे के साथ मारपीट कर रही थी जिसको बचाने का प्रयास किया तो उसने उसके ही हाथ में चाकू मार दिया। जिसके बाद बुर्जुग ने मारपीट की।

### पैसों के लेनदेन पर कुल्हाड़ी मारकर की थी हत्या

**सागर.** सागर पुलिस ने थाना सिविल लाइन क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल के मामले में हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत नए बस स्टैंड के सामने स्थित खाली मैदान में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक की पहचान महेन्द्र अहिरवार 35 वर्ष, निवासी किशोर न्यायालय बस्ती के रूप में हुई। मृतक के भाई सुरेन्द्र अहिरवार की रिपोर्ट पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर हत्या के आरोपी सीताराम पटैल निवासी तिली को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक महेन्द्र अहिरवार के साथ उसका पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई, जो बढ़कर हिंसक झगड़े में बदल गई। आवेश में आकर आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला कर महेन्द्र की हत्या कर दी तथा मौके से फरार हो गया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर विधिवत जप्त की गई है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। प्रकरण की विवेचना जारी है।





### महिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर किरण, ग्रामीण ऋचा

**सागर.** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा की स्वीकृति से मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी ने डॉ. किरणलता सोनी को महिला कांग्रेस सागर शहर का अध्यक्ष तथा ऋचा सिंह को महिला कांग्रेस सागर ग्रामीण का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ऋचा सिंह वर्तमान में मधुकरशाह वार्ड से पार्षद एवं आदिवासी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष भी है। कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए दोनों नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को शुभकामनाएं दी हैं।

## शिविर में 530 हितग्राहियों का हुआ पंजीयन

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अगस्त. राष्ट्रीय वयोश्री एवं एडीपी योजना अंतर्गत पद्माकर सभागार में आयोजित शिविर में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग उपलब्ध कराने हेतु परीक्षण एवं पंजीयन किया गया. शिविर का आयोजन नगर पालिक निगम द्वारा किया गया.**



महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को पूरी संवेदनशीलता, सम्मान और आत्मीयता के साथ सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं. महापौर ने हितग्राहियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा कई हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी उनसे साझा किए. महापौर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें आवश्यक सहायक सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है. उन्होंने अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित न रहे. शिविर में सम्मिलित 530 हितग्राहियों का पंजीकरण किया गया. जिसमें राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत 65 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया एवं एडीप योजना के अंतर्गत 98 हितग्राहियों का चिन्हांकन किया गया एवं 74 हितग्राहियों को मौके पर ही कृत्रिम अंग लगाए गए. इस अवसर पर एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी, संगीता शैलेश जैन, पार्षद प्रहलाद पटेल, रूबी पटेल, भरत अहिरवार, अनीता रामू ठेकेदार, उपायुक्त एस.एस.बघेल ,सिटी मिशन मैनेजर विक्रम जैन, योजना प्रभारी जया श्रीवास्तव सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

## एक नजर में




### प्रेमचंद के अवदान पर परिचर्चा व काव्य पाठ

**सागर.** प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा प्रेमचंद जयंती पर प्रेमचंद के साहित्य और उनके वैचारिक अवदान पर परिचर्चा एवं काव्य पाठ का आयोजन किया. अध्यक्षता टीकाराम त्रिपाठी के द्वारा की गई. संगोष्ठी में साहित्यकार कैलाश तिवारी विकल एवं पेट्रिस फुसकेले एडवोकेट के द्वारा आलेख वाचन किए गए. परिचर्चा में डॉ शरद सिंह, कविता मलैया ,सुमन झुड़ेले, कुमारी हर्षित सिंह, पी आर मलैया, वीरेंद्र प्रधान, लक्ष्मी नारायण चौरसिया, टीकाराम त्रिपाठी के द्वारा वक्तव्य दिए गए. काव्य पाठ डॉ नम्रता फुसकेले, डा. गजाधर सागर गजलकार, पूरन सिंह राजपूत, वृंदावन राय सरल, डॉ अनिल जैन, संतोष श्रीवास्तव, सुनीला सराफ ने किया. संचालन सतीश पांडे, आभार महासचिव पेट्रिस फुसकेले ने माना.



### अंकुर कॉलोनी में वेदी शिलान्यास का आयोजन

**सागर.** पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी मकरोनिया में ऐलक आदर्श सागर महाराज के सानिध्य में केवली भगवान गौतम गणधर स्वामी एवं आचार्य श्री विद्यासागर महामुनिराज के चरणों की वेदी का शिलान्यास वेदी पुण्यार्जक सुषमा प्रदीप जैन फणींद्र एवं सपना सुरेंद्र जैन द्वारा शिलान्यास किया. कार्यक्रम में मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी उपस्थित थे. इस अवसर पर ऐलक श्री आदर्श सागर महाराज ने कहा कि साधुओं के प्रति विनय गुण का अर्थ है संतों का आदर करना, उन्हें देखकर उन्हें यथा योग्य प्रणाम करना और उनके तत्व ज्ञान और आज्ञा का पालन करना, यह मोक्ष मार्ग और आध्यात्मिक जीवन का एक मुख्य आधार है.



### सांसद ने रेलवे बोर्ड अध्यक्ष से की भेंट

**सागर.** सांसद डॉ लता वानखेड़े ने लोकसभा से जुड़े विभिन्न रेल विकास कार्यों को लेकर भारतीय रेल बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार से सौजन्य भेंट की और लोकसभा क्षेत्र में चल रहे रेलवे संबंधी कार्यों के संबंध में अवगत कराया. नई ट्रेनों के संचालन, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण कार्यों में गति लाने, मंडीबामोरा एवं बीना स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव, नई रेल लाइनों के सर्वे की प्रगति पर चर्चा की. इस दौरान विनोद चौकसे, अक्षत चौकसे उपस्थित रहे.




### विश्व कल्याण की भावना से कार्य करता रोटरी

**सागर.** रोटरी अंतर्राष्ट्रीय मंडल 3040 अंतर्गत रोटरी क्लब सागर नेक्सस के प्रथम पदारोहण समारोह में मुख्य अतिथि प्रो. दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि रोटरी क्लब विश्व बंधुत्व और विश्व कल्याण की भावना से काम करता है. विशिष्ट अतिथि डॉ. ज्योति चौहान ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी दी. शपथ विधि अधिकारी विजय भूषण वर्मा ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई. अध्यक्ष एड. वीनू राणा ने कार्ययोजनाओं की जानकारी दी. रो आशीष सिंह ने भी संबोधित किया. पदारोहण समारोह में नेहा राजपूत ने डॉ. ज्योति चौहान को रोटरी पिन लगाकर सदस्यता प्रदान की.

### जनचौपाल आज

**सागर.** आपकी महापौर आपके द्वार अंतर्गत जनचैपाल शिविर 5 अगस्त बुधवार को प्रात: 11 बजे से रामपुरा एवं इतवारी वार्ड के नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु रामपुरा वार्ड स्थित यादव चक्की के पास छत्रसाल अखाड़ा परिसर में आयोजित किया गया है. नगर निगम प्रशासन ने इतवारी एवं रामपुरा वार्ड के नागरिकों से अनुरोध किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने एवं समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर में उपस्थित हों.

## बेलई में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट का निर्माण

नवभारत न्यूज

**बीना 4 अगस्त. ग्राम बेलई में किसान विवेक दुबे जैविक खेती और प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल कर रहे हैं।**

उन्होंने लगभग डेढ़ एकड़ भूमि में वर्मी कम्पोस्ट यूनिट और जैविक खाद निर्माण इकाई स्थापित करने का कार्य प्रारंभ किया है। विवेक दुबे द्वारा भविष्य में जैविक डीएपी तैयार करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है, जिसमें लगभग 10 प्रतिशत फास्फोरस की उपलब्धता का लक्ष्य रखा गया है।



उन्होंने फार्म पर 100 से अधिक बेड तैयार किए हैं। उनका अनुमान है कि प्रत्येक बेड से लगभग एक से डेढ़ टन तक जैविक खाद तैयार की जा सकेगी। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश राय ने ग्राम बेलई स्थित विवेक दुबे के फार्म का भ्रमण कर उनकी वर्मी कम्पोस्ट यूनिट और जैविक खाद निर्माण इकाई का निरीक्षण किया। इस अवसर पर दीपेश मोघे, अभिषेक कौशिक, सचिन चतुर्वेदी सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएमओ से महिला ने की मारपीट

नवभारत न्यूज

**शाहगढ़ 4 अगस्त. नगर परिषद शाहगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ एक महिला द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला के विरुद्ध मारपीट और अजा, जजा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में ले लिया है।**

पुलिस के अनुसार सीएमओ विनय मिश्रा अपने कार्यालय में बैठे थे कि एक महिला रुपा यादव कुटी स्वीकृति को लेकर सवाल-जवाब करने लगी तो श्री मिश्रा ने कहा कि अभी आपकी पात्रता नहीं होगी जिसके कारण नहीं आयी है। तो महिला बहसबाजी करने लगी। जिस पर श्री मिश्रा ने महिला कर्मचारियों को भी कक्ष में बुला लिया और उठकर बाहर जाने लगे और कहा कि पुलिस थाने में रिपोर्ट लिखवाते हैं तो महिला रुपा यादव ने मारपीट शुरु कर दी और बीच-बचाव करने वाली महिला कर्मियों से भी मारपीट कर दी गई। जिस पर थाने पहुंची महिला कर्मियों ने भी मारपीट करने वाली महिला के खिलाफ लिखित में शिकायत दर्ज कराई जिस पर थाने में बीएनएस की मारपीट संबंधी धारा, अजा जजा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हुआ।

## ग्राम पंचायत का सर्वांगीण विकास



नवभारत न्यूज

**गौरझामर 4 अगस्त. देवरी विकासखंड की महिला सरपंच ने 4 वर्ष में 40 से अधिक ग्राम पंचायत के सभी टोले के सर्वांगीण विकास कराया है.**

जैतपुर कछया सरपंच सृष्टि संजय तिवारी ने बताया कि वृक्षारोपण,मुख्य द्वार, सीसी रोड, दाह संस्कार ग्रह, शोकसभा हाल, पेयजल टंकी, मुक्तिधाम सड़क निर्माण, शासकीय अनुदान लागत 5,00000 में यह कार्य कराए. सरपंच ने बताया कि जब कोई कार्य पूर्ण निष्ठा एवं निस्वार्थ, पूर्ण मन से करना चाहते हो तो उसकी लागत और खर्चे पर ध्यान नहीं दिया जाता खुद के निजी रकम भी लगाकर ग्रामीणों को यादगार कार्य कर दिखाया जाए.

### कलश स्थापना 9 को

**सागर.** निर्यापक श्रमण अभयसागर महाराज ससंघ का वर्षायोग चातुर्मास का कलश स्थापना समारोह रविवार 9 अगस्त को दोपहर 1 बजे से भाग्योदय तीर्थ में आयोजित किया गया है। मुकेश जैन ढाना ने बताया कि मुनि संघ का यह 27वां चातुर्मास स्थापना वर्ष है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष संतोष बिलहरा, महामंत्री विकास टोनी, कार्याध्यक्ष मुकेश जैन, कोषाध्यक्ष देवेंद्र जैना एवं समन्वयक अनिल नैनधरा को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आचार्य श्री की महापूजन सागर नगर के सभी महिला मंडलों एवं बाहर से आए हुए अतिथियों द्वारा की जाएगी।

## उदासीन आश्रम में कलश स्थापना समारोह

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अगस्त. नगर गौरव मुनि श्री पदम सागर महाराज ससंघ का वर्षायोग चातुर्मास का कलश स्थापना समारोह श्रद्धालुओं की उपस्थिति में उदासीन आश्रम, वर्धमान कॉलोनी में संपन्न हुआ।**



कार्यक्रम की शुरुआत महिला, बालिका एवं बाल मंडलों द्वारा मंगलाचरण के साथ हुई। मुनिश्री का पाद प्रक्षालन महेश बिलहरा एवं संतोष बिलहरा परिवार द्वारा किया गया। सभी मुनिराजो का पाद प्रक्षालन हुआ एवं शास्त्र भेंट हुए इस अवसर पर पंडित गणेश प्रसाद वर्णी के जीवन चरित्र एवं कृतित्व पर प्रकाशित पुस्तक युगदृष्टा का विमोचन मुनि संघ के सानिध्य में महेश बिलहरा, मुकेश जैन ढाना, राजकुमार शास्त्री सहित अन्य अतिथियों ने किया। प्रथम कलश की स्थापना क्षुल्लक श्री तात्पर्य सागर महाराज के जबलपुर से आए परिजनों द्वारा कराई गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुनील जैन, राजाभैया जैन, देवेंद्र जैना, पवन करैया, डॉ. मुकेश जैन, अशोक जैन वर्धमान, मनोज जैन, पवन जैन, नन्नेलाल शास्त्री, विजेंद्र जैन, अरुण बमोरी, सोनू जैन, अरविंद जैन, अनिल जैन, अमन सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## टीम भावना के साथ सेवा कार्यों में सहभागिता करें

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अगस्त. रोटरी क्लब सागर सेंट्रल के 42वें अधिष्ठापन समारोह का आयोजन संपन्न हुआ।**

समारोह में रोटरी वर्ष 2026-27 के लिए अनुराग चौधरी ने अध्यक्ष तथा सौरभ जैन ने मानद सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके साथ ही नवगठित कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कार कोठारी एवं दीप्ति कोठारी रहे। विशिष्ट अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट एवं इंस्टॉलेशन ऑफिसर मुकेश साहू, रीजनल कोऑर्डिनेटर विजयभूषण वर्मा, असिस्टेंट गवर्नर डॉ. आनंद जैन, विभिन्न क्लबों के असिस्टेंट गवर्नर्स, तथा डॉ. नवीन कांगो, डॉ. राजकुमार कोइरी की उपस्थिति रही।



इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संस्कार कोठारी ने सेवा कार्यों सदस्यता वृद्धि, युवा नेतृत्व विकास तथा समाजहित में प्रभावी एवं स्थायी परियोजनाओं के माध्यम से सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनुराग चौधरी ने सभी सदस्यों से टीम भावना के साथ सेवा कार्यों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। मानद सचिव रोटे. सौरभ जैन ने आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान क्लब के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। रोटे. अभिनय जैन एवं रोटे. अर्पित वर्मा के सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटे. वीरेंद्र जैन एवं हीना गुप्ता ने किया। इस अवसर पर क्लब में शामिल हुए नए सदस्यों का औपचारिक स्वागत एवं सदस्यता ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। साथ ही आगामी रोटरी वर्ष की सेवा परियोजनाओं एवं क्लब की कार्ययोजना की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई।



### शिवशक्ति धाम में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सागर.** श्रावण माह शुरू होते ही भक्त भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आने लगे है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार श्रावण माह भगवान शिव को समर्पित माना जाता है,और श्रावण माह का सोमवार भोलेनाथ की भक्ति और मनोकामना पूर्ण करने का श्रेष्ठ माध्यम है। श्रावण के पहले सोमवार पर शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा,तो वही बहेरिया क्षेत्र स्थित शिव शक्ति धाम परिसर में भक्तों की भीड़ नजर आई, सुबह से लेकर रात तक भक्तों का आना जारी रहा,वही मंदिर प्रबंधन द्वारा आयोजित भजन कार्यक्रम में भक्त झूमते नजर आए।



## जरुरतमंदों को सामग्री वितरित

नवभारत न्यूज

**खुरई 4 अगस्त. ग्राम अटाकार्नेलगढ़ के किला परिसर स्थित ग्राम पंचायत कार्यालय के समीप आयोजित कार्यक्रम में 205 विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री, 28 छात्र-छात्राओं को साइकिल, 160 महिलाओं को साड़ियां, 150 जरूरतमंद परिवारों को कंबल, 90 लोगों को छाते, 20 परिवारों को चटाइयां तथा हनुमान मंदिर के लिए एक रामायण और 36 सुंदरकांड की पुस्तकें वितरित की गई।**

श्रीमती सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि श्री सिंह ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में माला और गुलदस्ते स्वीकार करने के स्थान पर ऐसी उपयोगी सामग्री भेंट करने का आग्रह किया है, जो समाज के काम आ सके। विभिन्न स्थानों पर प्राप्त स्कूल बैग, कॉपी, पुस्तकें, पेन, टिफिन, पेंसिल सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री विद्यार्थियों तक पहुंचाई जा रही है, ताकि समाज का सम्मान सीधे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे सशक्त माध्यम है।

## ब्लॉक स्तर पर लगेंगे शिविर

नवभारत न्यूज

**सागर 4 अगस्त. कमिश्नर अनिल सुचारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरुआत में 7 अगस्त को संभाग के हर जिले के एक विकासखंड में जनता की शिकायतों के निराकरण के लिए जन संवाद सागर शिविर आयोजित होगा।**

सागर, छतरपुर के राजनगर, दमोह के जबेरा, टीकमगढ़ के लिधौराखास, पन्ना के अजयगढ़ और निवाड़ी के पृथ्वीपुर विकासखंड में शिविर आयोजित किया जाएगा। कमिश्नर श्री सुचारी कार्यालय में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान को सफल बनाने के लिए लोक शिक्षण, उच्च शिक्षा, आदिवासी विकास, आबकारी, कोष लेखा, पेंशन, सामाजिक न्याय, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उद्योग विभाग सहित अन्य विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। कमिश्नर श्री सुचारी ने कहा कि अभियान की समीक्षा मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव स्तर से की जाएगी। संबंधित विभागों के अधिकारी लंबित सभी शिकायतों की जानकारी देखकर 7 अगस्त के पूर्व निराकरण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों की निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### शिवालयों में भीड़ उमड़ी

**ललितपुर.** भगवान शिव की आराधना के लिए जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और विशेष पूजन-अर्चन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। प्राचीन शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिवार्चन, रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। सिद्धपीठ श्री चंडी माता मंदिर धाम में चल रहे सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 4 अगस्त. बहुचर्चित घनश्याम यादव हत्याकांड में फरार चल रहे तीन वांछित एवं पुरस्कार घोषित आरोपियों को कोतवाली ललितपुर, थाना तालबेहट, थाना पूराकलां और स्वाट टीम की कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।**

मुठभेड़ में तीनों आरोपियों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से तीन अवैध देशी तमंचे, चार खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।



कोतवाली ललितपुर में दर्ज मुकदमा में वांछित आरोपी सिद्धनपुरा निवासी इंद्रपाल उर्फ इंदल यादव, थाना जाखलौन के ग्राम बंदरगुढ़ा निवासी दीपक यादव, मोहल्ला रामनगर निवासी पुष्पराज सेंगर उर्फ राज राजा की तलाश की जा रही थी। सूचना मिली कि तीनों आरोपी थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम खांदी के पास राजघाट साउथ नहर कैनाल के आसपास मौजूद हैं। सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में हुई मुठभेड़ में तीनों के पैर में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया।